## भागवत कथा में शुकदेव प्रसंग सुनाया

**उदयपुर, (कासं)।** हिरण मगरी सेक्टर-4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में पुरुषोत्तम मास के अवसर पर आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथाव्यास श्री बालयोगी जगदीश कृष्ण जी महाराज ने राजा परीक्षित के जन्म, शुकदेव महाराज के दिव्य चरित्र तथा देवर्षि नारद के उपदेशों का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध के पश्चात अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से उत्तरा के गर्भ में पल रहे बालक परीक्षित का जीवन संकट में पड़ गया था, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी दिव्य कृपा से गर्भस्थ शिशु की रक्षा की। यही बालक आगे चलकर राजा परीक्षित बने और उनके माध्यम से श्रीमद्भागवत कथा का दिव्य ज्ञान संसार को प्राप्त हुआ।महाराज श्री ने बताया कि जब अश्वत्थामा और अर्जुन के मध्य ब्रह्मास्त्र का प्रयोग हुआ तो समस्त सृष्टि पर संकट के बादल मंडराने लगे।

# भीण्डर में आंधी-बारिश से तीन दुकानों के छज्जे गिर

■ दवेला तालाब की पाल पर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वर्षों पुराना विशाल बरगद का वृक्ष धराशायी

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर नगर एवं आसपास क्षेत्र में शुक्रवार अलसुबह मौसम ने अचानक करवट लेते हुए लोगों को चौंका दिया। सुबह करीब 5 बजे तेज हवाओं के साथ शुरू हुई आंधी और बारिश ने कुछ ही मिनटों में जनजीवन को प्रभावित कर दिया। करीब 15 से 20 मिनट तक चली तेज आंधी और बरसात के दौरान नगर में कई स्थानों पर नुकसान की घटनाएं सामने आईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

जानकारी के अनुसार नृसिंह बाल वाटिका के सामने स्थित तीन दुकानों के छज्जे तेज हवाओं का दबाव नहीं झेल पाए और भरभराकर नीचे गिर गए। घटना अलसुबह की होने से उस समय बाजार पूरी तरह सूना था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। यदि यहीं घटना दिन के समय होती तो राहगीरों एवं दुकानदारों को गंभीर चोट पहुंच सकती थी। छज्जे गिरने से दुकानों के सामने मलबा फैल गया। इधर दवेला तालाब की पाल पर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में वर्षों पुराना विशाल बरगद का वृक्ष भी तेज आंधी की चपेट में आकर धराशायी हो गया। यह वृक्ष क्षेत्र की पहचान माना जाता था और वर्षों से श्रद्धालुओं को छाया प्रदान कर रहा था। आंधी के दौरान नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगे कई साइन बोर्ड उखड़ गए तथा टीनशेड भी उड़ गए। तेज हवाओं के कारण जगह-जगह पेड़ों की टहनियां टूटकर सड़कों पर बिखर गईं। अचानक बदले मौसम के कारण लोगों की सुबह की दिनचर्या भी प्रभावित हुई।

तेज हवाओं और बारिश का असर विद्युत व्यवस्था पर भी पड़ा। आंधी शुरू होते ही कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को सुबह-सुबह परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली गुल होने से घरों में दैनिक कार्य प्रभावित हुए और लोगों की नींद भी खुल गई। हालांकि मौसम शांत होने के बाद विद्युत विभाग ने आपूर्ति बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए। निकटवर्ती हमेरपुरा गांव में सुबह से बिजली आपूर्ति बंद हुई जो दोपहर करीब 3 बजे बहाल हो सकी। ऐसे कई अन्य गांवों में भी दिनभर बिजली ने परेशान किया।आंधी और बारिश का दौर अधिक समय तक नहीं चला। करीब 15-20 मिनट बाद बारिश थम गई और धीरे-धीरे मौसम साफ होने लगा। सुबह लगभग 7 बजे तक आसमान पूरी तरह खुल गया तथा तेज धूप निकल आई। मौसम के अचानक बदले इस मिजाज ने लोगों को हैरान कर दिया।

एक ओर जहां बारिश और ठंडी हवाओं से गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर आंधी से हुए नुकसान ने लोगों की चिंता बढ़ा दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस प्रकार की तेज आंधी के कारण कमजोर छज्जों, पुराने पेड़ों और अस्थायी संरचनाओं को खतरा बना रहता है। उन्होंने प्रशासन से सार्वजनिक स्थलों पर पुराने और जर्जर ढांचों की जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

## पर्यावरण, प्रकृति व पृथ्वी भावी पीढ़ी की पूंजी : सारंगदेवोत

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि वन है तो हम है, प्रकृति हमारी मॉ समान है। पर्यावरण, प्रकृति और पृथ्वी भावी पीढ़ी की पूंजी है इसे सुरक्षित व संजोकर रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। आज जरूरत इस बात की है कि पर्यावरण शिक्षा को स्कूलों की प्रारंभिक शिक्षा से ही इस तरह समावेशित किया जाये, जिससे पर्यावरण के प्रति समाज में एक अनुकूल माहौल तैयार को सके। उन्होंने कहा कि हमें विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की सार्थकता तभी संभव होगी जबकि छोटे-छोटे प्रयास करें और उन्हें पूर्णता प्रदान करें। प्लास्टिक और औद्योगिकीकरण के दुष्परिणाम के कारण सौर ऊर्जा का प्राकृतिक व्यवस्था प्रभावित हो रहा है और ऊर्जा पुन: वायुमंडल में मुक्त होने के स्थान पर पृथ्वी के तापमान को बढ़ा रही हैं। हमें अपने भारतीय सनातन विद्या एवं वैदिक ज्ञान को अपनाकर पुन: प्रकृति की ओर लौटना होगा।

## पिस्टल के साथ एक युवक गिरफ्तार

**उदयपुर, (का.स.)।** उदयपुर की हाथीपोल थाना पुलिस ने शुक्रवार को पिस्टल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने आपसी रंजिश के चलते खुद की सुरक्षा के लिए हथियार खरीदा था। इसका कोई वैध लाइसेंस उसके पास नहीं है।


कार्यालय भू-सम्पति अधिकारी
महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.)
क्रमांक-भू.स.अ./मप्रकृप्रौविवि/निविदा/2026/328-42 दिनांक:- 03.06.2026
ई-निविदा सूचना-03 (2026-27)
माननीय कुलपति महोदय, म.प्र.कृ.प्रौ.वि.वि. उदयपुर की ओर से भू-सम्पत्ति कार्यालय द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य लागत रू. 209.02 लाख (09 कार्य) हेतु मुहरबन्द निविदाएँ आंमत्रित की जाती है। समस्त शर्ते एवं विस्तृत विवरण www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in व www.mpuat.ac.in पर देखा जा सकता हैं।
UBN No. ATU2627WSOB00072 to ATU2627WSOB00080
(निशा व्यास)
भू-सम्पति अधिकारी



प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द
सं. 71-72 दिनांक: 05.06.2026
लोक सूचना
श्री राजेश चौधरी पिता श्री नटवरलाल जाट निवासी श्री कृष्ण नगर कॉलोनी भीलवाड़ा रोड़ कांकरोलीइस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

| क्र. सं. | तहसील का नाम जिले सहित | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजसमंद | आसोटिया | 1875/1281<br>1876/1281 | रकबा 0.1211 हैक्टेयर में से रकबा 0.0648<br>रकबा 0.1211 हैक्टेयर में से रकबा 0.556 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 05.06.2026 को जारी की गयी।
प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगरपरिषद, राजसमन्द


# पीएमयू परिसर में पौधे रोपे

**उदयपुर, (कासं)।** 5 जून। पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय कैम्पस को हरा भरा और पर्यावरण को संरक्षित रखने के उदेष्य से आज 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत परिसर के विभिन्न हिस्सों में 20 से ज्यादा छायादार और फलदार पौधे रोपे।


'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत पौधे रोपे।

एक पेड़ मॉ के नाम अभियान के अवसर पर आयोजित इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में पीएमयू के प्रेसिडेन्ट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ. यू.एस.परिहार, प्रो. प्रिसिडेन्ट डॉ. संगीता चौहान, पीएमसीएच की वाइस प्रिंसिपल डॉ. मोनाली, फिजियोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. विनोदीनी वरहाडे, डॉ. आर. के. पालीवाल, सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर पीएमसीएच के ऐक्जिीक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल एवं सीईओं शरद कोठारी ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग और बदलते मौसम चक्र को देखते हुए आज वृक्षारोपण केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी बन चुका है। पेसिफिक संस्थान हमेशा से ही चिकित्सा और शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक और पर्यावरणीय सरोकारों में अग्रणी रहा है। संस्थान का लक्ष्य पूरे कैंपस को पूरी तरह से इको-फ्रेंडली और प्रदूषण मुक्त बनाना है, ताकि यहाँ आने वाले मरीजों, छात्रों और स्टाफ को एक शुद्ध और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

इस दौरान डॉ.एम.एम.मंगल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान न केवल पर्यावरण को बचाने की एक अनूठी पहल है, बल्कि यह अपनी मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भावुक और पवित्र माध्यम भी है।

## पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर णमोकार सेवा संस्थान द्वारा वृक्षारोपण एवं हरित अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छ भारत मिशन शहर के प्रदेश एम्बेसडर केके गुप्ता के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेकर अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन के कारण पर्यावरणीय संतुलन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह वृक्षारोपण करे, जल संरक्षण अपनाए तथा स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए।गुप्ता ने कहा कि एक वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करता, बल्कि आने वाली पीढियों के लिए जीवन, स्वास्थ्य और समृद्धि का आधार भी बनता है। उन्होंने सभी नागरिकों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान से जुड़कर कम से कम एक पौधा लगाने एवं उसके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। यदि हम स्वच्छ और हरित भारत का निर्माण करना चाहते हैं तो हमें सामूहिक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन बनाना होगा। अंत में उन्होंने संदेश दिया कि 'एक कदम प्रकृति की ओर और एक कदम स्वच्छता की ओर' बढ़ाकर ही हम आने वाली पीढि़यों को सुरक्षित, स्वच्छ और हरित भविष्य दे सकते हैं।इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमी डॉ. राजश्री गांधी सहित समाज के गणमान्य नागरिकों, महिलाओं एवं युवाओं ने भाग लेते हुए वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम का समापन प्रकृति संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।


सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, पानरवा
ब्लॉक: फलासिया जिला: उदयपुर
दिनांक:02/06/2026
निविदा सूचना
सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी पानरवा जिला उदयपुर पर 2025-26 में इस कार्यालय के पानरवा चिकित्सा संस्थान पर टिन शेड लगाने हेतु दर से अनुभवी सेवाप्रदाता एजेन्सी से लगाने हेतु निविदा (तकनिकी व वितिय) आमंत्रित कि जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.06.2026 से 11.06.2026 को 12.00 बजे तक बेची जायेगी व तथा उसी दिन 2.00 बजे प्राप्त की जानकारी उसी दिन को दोपहर 03.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अवधि | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टिन सेड60x16 मय | वित्तीय वर्ष 2025-26 | 2,00,000/- | 4000/- | 200/- |

शर्ते:-
1. धरोहर राशि बैंकर्स चेक/डीडी द्वारा "सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, पानरवा" के नाम से देय होगी।
1. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
3. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतू बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार समिति का रहेगा।

डॉ. विक्रम सिंह देवठिया
सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र- पानरवा


## सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क बना नो-प्लास्टिक जोन

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को 'नीर अमृत' संस्था के सहयोग से उदयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य, मानसून पैलेस और सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क को प्लास्टिक बोतल मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है। वन विभाग (वन्यजीव) की ओर से पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के अन्य पर्यटन स्थलों के लिए भी एक मॉडल साबित हो सकती है।

सज्जनगढ़ उदयपुर के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में शामिल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक पहुंचते हैं। पर्यटकों द्वारा उपयोग के बाद फेंकी जाने वाली प्लास्टिक की बोतलें वन्यजीवों, पर्यावरण और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए लगातार चुनौती बन रही थीं। इसी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) सेदू राम यादव ने बताया कि जैविक उद्यान सज्जनगढ़ और सज्जनगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को प्लास्टिक मुक्त रखने के लिए प्लास्टिक की पानी की बोतलों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जा रहा है। अभयारण्य क्षेत्र में प्लास्टिक की पानी की बोतल का उपयोग पाए जाने पर एक हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पर्यटकों को सज्जनगढ़ टिकट विंडो के पास कांच की बोतल में 500 एमएल पानी 50 रुपये में उपलब्ध कराया जाएगा। खाली बोतल वापस जमा कराने पर 40 रुपये लौटाए जाएंगे। यह व्यवस्था प्रायोगिक तौर पर विश्व पर्यावरण दिवस से 'नीर अमृत' संस्था के माध्यम से शुरू की गई है। इस पहल से सिंगल यूज प्लास्टिक की खपत में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है, साथ ही पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** वेदांता समूह की कंपनी और भारत में जिंक, लेड और सिल्वर के सबसे बड़े और एकमात्र एकीकृत उत्पादक हिंदुस्तान जिंक ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सघन वृक्षारोपण एवं पर्यावरण प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। कंपनी ने अपनी सभी परिचालन इकाइयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया।



हिन्दुस्तान जिंक में विश्व पर्यावरण दिवस पर क्विज प्रतियोगिता हुई।

उदयपुर स्थित प्रधान कार्यालय में कर्मचारियों ने ग्रीन वर्कप्लेस इनिशिएटिव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कर्मचारियों ने रोजमर्रा के जीवन में संसाधनों के सही और कम उपयोग से जुड़े आसान लेकिन प्रभावी तौर-तरीकों को प्रदर्शित किया। इसके साथ ही पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के लिए एक क्विज प्रतियोगिता और हरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया।जिंक स्मेल्टर देबारी में विभिन्न टीमों के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला। कार्यक्रम में यूनियन प्रमुखों और वरिष्ठ नेताओं ने पर्यावरण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी पर अपने विचार और मार्गदर्शन साझा किए। ईएसजी टीम ने इस वर्ष की थीम, मुख्य प्राथमिकताओं और पर्यावरणीय प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शॉप फ्लोर से जुड़े बिजनेस पार्टनर कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर लागू की जा रही व्यावहारिक पहलों की जानकारी साझा की। जावर माइंस में भी मुख्यालय के नेतृत्व में कई तरह की गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन सभी पहलों ने न केवल कर्मचारियों की भागीदारी को बढ़ाया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचार को भी प्रेरित किया। यह आयोजन हिंदुस्तान जिंक के उस निरंतर प्रयास को रेखांकित करता है जिसके तहत कंपनी पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को अपनी कार्य संस्कृति और संचालन का एक अहम हिस्सा मानती है।


राजस्थान सरकार
कार्यालय चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलासिया
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी फलासिया
ब्लॉक - फलासिया, उदयपुर
Email:chc_phalasia@ yahoo.com
क्रमांक : लेखा/ NHM/ 2026-27/68 दिनांक:- 02.06.2026
खुली निविदा सूचना
इस कार्यालय के अधीन संचालित विभिन्न योजनाओ के संचालन हेतु जॉब बेसिस एवं संवेदक के माध्यम से सेवाओं के लिए उपापन हेतु मोहर बंद निविदाए आमंत्रित की जानी है इच्छुक व्यक्ति /फर्म निर्धारित शुल्क में निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में दिनांक 03.06.2026 को प्रात: 10.00 बजे से प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रपत्र दिनांक 12.06.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक जमा की जावेगी तथा दिनांक 12.06.2026 को अपरान्त 1.00 बजे उपस्थित निवदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष समिति द्वारा खोली जावेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 24x7 सफाई व्यवस्था | 2,70,000/- | 5,400.00 | 100/- |
| 2. | कलेवा योजना | 2,90,000/- | 5,600.00 | 100/- |
| 3. | विभिन्न योजनाओं में मानव संसाधन | 2,92,325/- | 5,867.00 | 100/- |

शर्ते :- अन्य शर्ते एवं विस्तृत जानकारी निविदा फर्म के अथवा कार्यालय समय में जाकर देखी जा सकती है।
1. कार्य की अवधि 31.03.2027 के लिए होगी। किन्तु विभाग के निर्देशानुसार कमी या वृद्धि की जा सकती है।
2. निविदा शर्तो की पालना करनी होगी एवं निविदा के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने होगें।
3. अंतिम निर्णय का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
4. विभागीय स्वीकृति के अनुसार कार्मिकों की संख्या कम या अधिक करने का अधिकार सदस्य सचिव राज.मेडि.रिलिफ सोसायटी का होगा।
5. निविदा प्रपत्र दिनांक 30.06.2026 से विक्रय किये जावेंगे।

चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
सामु.स्वा.केन्द्र, फलासिया
ब्लॉक- फलासिया, उदयपुर



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, मादड़ी
ब्लॉक: फलासिया जिला: उदयपुर
दिनांक:02/06/2026
निविदा सूचना
सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी मादड़ी जिला उदयपुर पर 2025-26 में इस कार्यालय के पानरवा चिकित्सा संस्थान पर टिन शेड लगाने हेतु दर से अनुभवी सेवाप्रदाता एजेन्सी से लगाने हेतु निविदा (तकनिकी व वितिय) आमंत्रित कि जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 03.06.2026 से 10.06.2026 को 12.00 बजे तक बेची जायेगी व तथा उसी दिन 2.00 बजे प्राप्त की जानकारी उसी दिन को दोपहर 03.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अवधि | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टिन सेड90x16 मय | वित्तीय वर्ष 2025-26 | 3,00,000/- | 6000/- | 200/- |

शर्ते:-
1. धरोहर राशि बैंकर्स चेक/डीडी द्वारा "सदस्य सचिव राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी, मादड़ी" के नाम से देय होगी।
1. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता कार्यालय समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
3. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतू बाध्य नहीं है तथा किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कारण बताये रद्ध करने का अधिकार समिति का रहेगा।

डॉ. राम प्रसाद मीणा
सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र- मादडी


# ट्रैक्टर जब्त करने पर भाजपा नेता ने आरटीओ इंस्पेक्टर से अभद्रता की

■ भाजपा नेता और आरटीओ इंस्पेक्टर के बीच विवाद का वीडियो सामने आया

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में शुक्रवार को भाजपा नेता और आरटीओ इंस्पेक्टर के बीच हाईवे पर विवाद का एक वीडियो सामने आया है। उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर एक ट्रैक्टर में पोल के खड्डे खोदने की मशीन लगी थी। इसे देखकर आरटीओ ने ट्रैक्टर को रोककर जब्त किया था।

जानकारी के अनुसार उदयपुर-पिंडवाड़ा हाईवे पर एक ट्रैक्टर में खड्डे खोदने की मशीन लगी थी। इस पर आरटीओ सुनील चौधरी ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया था। इसका ड्राइवर ने विरोध किया और भाजपा गोगुंदा मंडल अध्यक्ष निखिल कोठारी को मामले की सूचना दी। मामले की सूचना पर भाजपा गोगुंदा मंडल अध्यक्ष निखिल कोठारी मौके पर पहुंचे थे। उन्होंने ड्राइवर को अपना स्टाफ बताया। ये भी कहा कि ट्रैक्टर उनका है और ठेके पर दे रखा था। उन्होंने कहा कि मुझे सब सिस्टम पता है।

मामला बढ़ कर गाली-गलौज तक पहुंच गया। आरटीओ कर्मचारियों ने भाजपा नेता के इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी बना लिया। वीडियो मेंभाजपा नेता आवाज ऊंची नहीं करने की बात कहते हुए दिख रहे हैं। वहीं आरटीओ ने राजकार्य बाधा में मामला दर्ज करवाने की बात कही। 2 मिनट 56 सेकंड के वीडियो में वे कई भाजपा नेता कई बार गालियां देते हुए भी दिखे।

मामले को लेकर भाजपा नेता कोठारी का कहना है कि ट्रैक्टर सीज करने पर दोपहर में आरटीओ ऑफिस में 52 हजार 200 रुपए का कमर्शियल यूज करने का टैक्स भी जमा करवा दिया। तब भी आरटीओ अधिकारी पूरा मामला सेटल करने का पहले 1 लाख रुपए मांग रहे थे। आखिर में 80 हजार रुपए लेकर सेटलमेंट करने की बात कर रहे थे। नेता ने कहा कि आरटीओ अधिकारी ने कहासुनी में काफी बात कही। इसके बाद थोड़ी बहस हुई लेकिन गाली-गलौच नहीं की।

उन्होंने आरोप लगाया कि आरटीओ इंस्पेक्टर सुनील चौधरी जानबूझकर ट्रैक्टर ड्राइवर शंकर सिंह को परेशान कर रहे थे। जबकि ट्रैक्टर में मजदूर बैठे हुए थे। ट्रैक्टर में लगी मशीन से बिजली के पोल को खोदने का काम किया जाता है। मैंने आरटीओ अधिकारी को टोल के यहां रुकने को बोला था लेकिन वह रुके नहीं। इस कारण आगे जाकर मैंने उन्हें रुकवाकर बातचीत की थी।

गोगुंदा थानाधिकारी श्यामसिंह चारण ने बताया कि आरटीओ अधिकारी सुनील चौधरी ने थाने पहुंचकर परिवाद दिया था। मामले की जांच कर रहे हैं। वीडियो और मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत करेंगे।